Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 30-05-2023 | अंक 579

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com

# दो लाख के इनामी ईनामी एरिया कमांडर ने किया आत्मसमर्पण

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : झारखंडर सरकार के आत्मसमर्पण और पूनर्वास नीति नयी दिशा से प्रभावित होकर जेजेएमपी के दो लाख का ईनामी एरिया कमांडर रघुनाथ सिंह खेरवार उर्फ रघु जी ने मंगलवार को लातेहार के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन,सीआरपीएफ द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद एवं उप समादेष्टा संदीप कुमार शर्मा, 214 बटालिएन सीआरपीएफ बल के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया । इस अवसर पर पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने कहा कि विगत एक वर्ष से झारखण्ड पुलिस द्वारा नक्सली व उग्रवाद के खिलाफ लगातार सघन अभियान व छापामारी की जा रही है, जिसमें लातेहार पुलिस को झारखण्ड जगुआर, कोबरा, सीआरपीएफ और जिला क सैट बल के सराहनीय योगदान से लातेहार जिला को अलग– अलग क्षेत्रों में कई बड़ी उपलब्धियाँ हासिल हुई है। नक्सल अभियान के दौरान कई एक शीर्ष नक्सली पकड़े गये तथा कई नक्सली मारे गये। एसपी ने कहा कि लातेहार पुलिस के द्वारा नक्सली के परिजनों एवं उसके हित–नातों से सम्पर्क कर सरकार द्वारा अपनायी गई नक्सलियों का आत्मसमर्पण पूणर्वास नीति के बारे समझा बुझाकर उसे प्रेरित किया जा रहा था। इसी परिपेक्ष में जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर क्रियावादी रघुनाथ सिंह खेरवार उर्फ रघु जी, पिता–लखन सिंह, लेधपा, बेन्दी, जिला – लातेहार दो लाख का ईनामी, झारखण्ड सरकार के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत आज आत्मसमर्पण किया। लम्बे समय से पुलिस कर रही थी रघु जी की तलास जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पु




लोहरा के दस्ता में रहकर नक्सली घटना को अंजाम दे चुके एरिया कमाण्डर रघुनाथ सिंह उर्फ रघू जी को पुलिस लम्बे समय से तलाश रही थी। साथ ही उनके परिजनो को पिछले कई साल से नक्सलियों का आत्मसमर्पण पूणर्वास नीति से प्रेरित भी किया जा रहा था। रघु जी से पहले भी इन लोगो ने छोड़ा हिंसा का रास्ता एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि इससे पहले भी जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के एरिया कमाण्डर सत्येन्द्र उराँव उर्फ अभिमन्यु, टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के सबजोनल कमाण्डर दशरथ उरांव उर्फ रौशन जी एवं एरिया कमाण्डर अनिल उरांव वर्ष – 2021 में लातेहार पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किये थे और आज भयमुक्त वातावरण में अपने परिवार एवं बाल–बच्चो के साथ जीवन व्यतीत कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अपनायी गई नक्सलियों का आत्मसमर्पण पूणर्वास नीति से प्रेरित होकर आज रघूनाथ सिंह उर्फ रघु जी समाज के मुख्य धारा से जुड़ने के लिए लातेहार पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किये है। कई आपराधिक घटनाओं का आरोपी है रघुनाथः बताया जाता है कि नक्सली रघुनाथ सिंह पर नक्सली कांडों को लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 10 से अधिक मामले दर्ज हैं. पुलिस के साथ मुठभेड़ के अलावे कई अन्य नक्सली घटनाओं में रघुनाथ उपस्थित था. पुलिस को रघुनाथ की कई दिनों से तलाश थी और लगातार उसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी भी की जा रही थी. हालांकि परिजनों के द्वारा रघुनाथ को आत्मसमर्पण करने के लिए जब प्रेरित किया गया तो उसने पुलिस प्रशासन के अलावे सुरक्षा बलों के अधिकारियों से संपर्क कर आत्मसमर्पण नीति की विस्तृत जानकारी हासिल की. उसके बाद आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर मंगलवार को उसने आत्मसमर्पण कर दिया. एसपी के अलावा अन्य अधिकारियों ने किया सम्मानितः आत्मसमर्पण करने पर रघुनाथ सिंह को एसपी अंजनी अंजन के अलावे लातेहार एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र, सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद समेत अन्य अधिकारियों ने भी गुलदस्ता देकर सम्मानित किया.

## न्यूज ब्रीफ

### डाड़ी कलां पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**अपेम लाइवः बडकागॉव**

बड़कागांव प्रखंड के डाड़ी कलां थाना कांड संख्या 11/17 के प्राथमिक अभियुक्त डाड़ी कलां निवासी सुल्तान मियां के पुत्र अरशद मियां उर्फ छोटन को थाना प्रभारी मणिलाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने छापामारी कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में हज़ारीबाग केंद्रीय कारा भेज दिया है। अरशद मियां 11/17 धारा 366, 376 भादवि के प्राथमिक अभियुक्त था। डाड़ी कलां थाना प्रभारी मणिलाल सिंह ने बताया की अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है जो भी फरार वारंटी होंगे उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

### बैंक ऑफ इंडिया के शिविर में लोगों को बैंकिंग सुविधाओं की दी गई जानकारी




**अपेम लाइव : विष्णुगढ**

चेडरा पंचायत भवन सभागार में मंगलवार को बैंक ऑफ इंडिया द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक ऑफ इंडिया के लगभग सभी ग्राहक सेवा केंद्रों के संच. ालक मौजूद रहे। शिविर में पहुंचे लाभार्थियों एवं बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहकों के बीच सुजीत कुमार श्रीवास्तव ने बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं, सुविधाओं एवं जीवन बीमा को लेकर जानकारी दी। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना की जानक. ारी ग्राहकों को दी गई। मौके पर बैंक ऑफ इंडिया जेडओ, बीओआई विष्णुगढ़ शाखा प्रबंधक समेत कई लोग मौजूद थे।

# प्लस टू उच्च विद्यालय की इंटर वाणिज्य में बेहतर प्रदर्शन, स्मिता कुमारी 466 अंक जिला टॉप

## 83 के 80 विद्यार्थियों ने लाई प्रथम स्थान, विद्यालय का बेहतर प्रदर्शन से विद्यालय परिवार गदगद



प्लस टू उच्च विद्यालय बरही के जिला टॉप सहित सफल विद्यार्थी

**अपेम लाइव : बरही**

हजारीबाग बरही स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय बरही की छात्रा स्मिता कुमारी 466 अंक लाकर जिला टॉप की है। स्मिता कुमारी सामांतो पंप निकट धनबाद रोड बरही निवासी अर्जुन यादव की पुत्री है। इसके साथ ही तानिया कुमारी 455 अंक, प्रिंस सिन्हा 454 अंक, संगीता कुमारी 454, मांशी कुमारी 446 अंक, श्रृष्टि कुमारी 441 अंक, स्वाति कुमारी 439 अंक, आयुष कुमार 438 अंक, रौशन कुमार 429 अंक, छाया सोनी 417 अंक, प्रीति कुमारी 413 अंक, स्वाति कुमारी 407अंक, शिल्पा कुमारी 404 अंक, आकाश कुमार 404 अंक, प्रियांशु कुमारी 403 अंक लाकर विद्यालय एवं अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। वाणिज्य प्रधान शिक्षक योगेंद्र सिंह में बताया की उनके विद्यालय से कुल 83 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमे 80 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। तीन विद्यार्थी अनुपस्थित होने से अनुतीर्ण हो गए। शत प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जिला टॉप स्मिता कुमारी सहित कई सफल विद्यार्थियों की कोचिंग आर्यभट्ट इंटीट्यूट के द्वारा कराई गई थी। विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन पर प्रधानाचार्य शिव कुमार राम, वाणिज्य शिक्षक योगेंद्र सिंह, सुनील द्वेदी, रामचंद्र मंडल, दिलीप कुमार, अनिल कुमार नीरज, राजेश कुमार, रामचंद्र गुप्ता, सुरेश कुमार विश्वकर्मा, खेमलाल महतो ने हर्ष व्यक्त करते हुए सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही बीडीओ ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर पंसस के साथ की बैठक, प्रमुख रहे मौजूद

**अपेम लाइव : बरही**



झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत बरही प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को बीडीओ ने पंसस के साथ बैठक की। बैठक में प्रमुख मनोज रजक भी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए बी.डी.ओ सी.आर. इंदवार ने कहा की जल्द ही झारखंड में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरू होगी। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के शुरू होने से सबसे ज्यादा लाभ ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को होगा। इस योजना के माध्यम से बहुत से लोगों को रोजगार मिलेगा, साथ योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को परिवहन की सुविधा का लाभ भी मिलेगा। प्रमुख मनोज रजक ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के विषय में बताते हुए कहा की झारखंड में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को मंजूरी मिल चुकी है। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के अंतर्गत अब गांव से आने जाने वाले छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगो का किराया भी नही लगेगा। साथ ही इस योजना के अंतर्गत वाहन चलाने वाले लोगों को भी कुछ विशेष छूट दी जाएगी। वाहन चालकों को टैक्स में विशेष छूट का लाभ प्राप्त होगा। वहीं मौके पर मौजूद पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर दास ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का उद्देश्य बताते हुए कहा की छात्रों को अनुमंडल या जिला मुख्यालय आने – जाने की सुविधा प्रदान करना। किसानों को उनके उपज को बाजार तक पहुंचाने में सहायता प्रदान करना। बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए शहर आने वाले लोगों को परिवहन की सुविधा मुहैया एवं वरिष्ठ नागरिकों को परिवहन की सुविधा प्रदान करना इस योजना का उद्देश्य है जो ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए काफी लाभकारी योजना है। बैठक में प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ सी.आर. इंदवार, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर दास पंचमाधव, पंसस मनोज यादव दुलमहा, जिर्तेंद्र गिरी पंसस प्रतिनिधि दुलमहा, विकाश सिंह पंसस केदारूत, जीतू ठाकुर पंसस बढ़ी पश्चिमी एवं प्रभु यादव पंसस कोल्हुआकला सहित कई अन्य मौजूद थे।

## बी डी ओ ने सभी रोजगार सेवक एवं पंचायत सेकको के साथ किया बैठक

### पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर की जा रही है तैयारी

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**




कान्हाचट्टी : प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो की अध्यक्षता में मनरेगा योजना में तेजी लाने को लेकर एक बैठक की गई। बैठक में उपस्थित सभी पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवकों को बी डि ओ श्री महतो ने निर्देश देते हुए कहा कि जो भी पुराने डोभा एवं तालाब हैं उसे बरसात के पहले माफी कराते हुए बंद करें। वही उन्होंने कहा कि जो भी नए आम बागवानी के लिए चयनित किए गए हैं वहां पर शीला पट लगावे एवं शीघ्र कार्य को प्रारंभ करवाएं। बैठक में उपस्थित सभी लोगों को उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं मनरेगा योजना में किसी तरह की शिकायत आती है तो संबंधित पंचायत सेवके एवं रोजगार सेवक नपेगे। इधर दूसरी तरफ पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर भी कई दिशा निर्देश दिए गए बताते चलें कि बुधवार को लाइफ मिशन के तहत किए जाने वाले कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा किया गया बुधवार को प्रखंड कार्यालय में सभी कर्मियों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के लिए शपथ भी दिलाई जाएंगे मौके पर बीपीओ नीरज पासवान सहायक अभियंता मनोज कुमार कनीय अभियंता शिव कुमार दास रोजगार सेवक संतोष तिवारी नौशाद आलम रंजीत पांडे सहित कई कर्मी उपस्थित थे

## कस्तूरबा विद्यालय बरसोत की कला संकाय की सभी बच्चियां प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण, सहाना प्रवीण टॉपर

**अपेम लाइव : बरही**


टॉप दो कस्तूरबा की बच्चियां

झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आयोजित इंटर कला संकाय की परीक्षा में कस्तूरबा विद्यालय बरसोत की बच्चियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के वार्डन नेहा कुमारी बताया की उनके विद्यालय से कुल 32 बच्चियों ने इंटर कला की परीक्षा में शामिल हुई थी। जैक बोर्ड की ओर से घोषित परिणाम के अनुसार सभी 32 बच्चियों ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हूई हैं। इसमें 441 अंक लाकर सहाना प्रवीण कस्तूरबा विद्यालय की ट०पर रही हैं। वही तरन्नुम प्रवीण 440 अंक लाकर विद्यालय की सेकंड टॉपर बनी है। इसके साथ ही नेहा कुमारी 436 अंक लाकर विद्यालय की थर्ड टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है। वार्डन नेहा ने बताया की उनके निर्देशन में बच्चियों ने बेहतर प्रदर्शन कर उन्हें गौरवान्वित किया है। विद्यालय की सभी बच्चियां प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हूई हैं। उनके इस सफलता में उनके विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा बच्चियों की मेहनत का कभी भूमिका रही है।

## डीवीसी द्वारा चलाया गया स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**




डीवीसी के सीएसआर विभाग द्वारा बनासो पंचायत के नावाटांड़ में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान चलाया गया। सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में गांव की किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कहा गया कि मा. हवारी के दिनों में सफाई बहुत आवश्यक है। कपड़े के इस्तेमाल से संक्रमण का खतरा बन जाता है। बरसात में संक्रमण की अधिक संभावना होती है। लिहाजा उस वक्त सेनेटरी नेपकिन का इस्तेमाल करना चाहिए। वहीं पर्यावरण संरक्षण को लेकर सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने पर बल दिया गया। कहा गया कि जब भी बाजार जाएं तो घर से थैला लेकर जाएं तथा थैले में ही दुकानदार को सामान देने के लिए कहें। अपने शरीर के अलावा आस पड़ोस की भी स्वच्छता को बनाने की बात कही गई। कार्यक्रम के दौरान किशोरियों के बीच सेनेटरी नैपकिन का वितरण भी किया गया। मौके पर मुखिया चंद्रशेखर पटेल, पंसस राधारानी, प्रधानाध्यापक गंगाधर महतो, सुरेश राम, गुलाब प्रसाद वर्मा, बासुदेव महतो, सहिया मंजू देवी, पिंकी देवी, सेविका कुमकुम कुमारी, सीता देवी समेत कई महिलाएं एवं ग्रामीण मौजूद थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## कलश यात्रा के साथ एकादशी उद्यापन यज्ञ शुरू





**अपेम लाइव चंदवारा**

कोडरमा चंदवारा महुगाई समाजसेवी खुबलाल यादव के यहां त्रि दिवसीय एकादशी महत्म सह उद्यापन कथा का विधिवत शुभारंभ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ किया गया जिनमें गांव के कुल 151 महिलाओं ने इस कलश यात्रा में शामिल हुई। कलश यात्रा का शुभारंभ निवास स्थान होते हुए गौरी नदी पर जाकर वैदिक मंत्र पूजा पाठ के साथ कलश में जल उठा कर पूरे ग्राम देवी स्थानों का पूजा पाठ के साथ भ्रमण किया गया उसके उपरांत मंडप प्रवेश किया गया इस यज्ञ का विधिवत संचालन शास्त्री विमलेश पांडे तथा कुल पुरोहित त्रिवेणी पांडे के निर्देशानुसार यज्ञ कार्यक्रम किया जा रहा है इस मौके चंदवारा पश्चिमी मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा उप प्रमुख खुशबू देवी बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश यादव युवा नेता समाजसेवी विजय यादव, सत्येंद्र यादव, महरु यादव, राजकुमार यादव, संजीव कुमार, संजय यादव, किशोर यादव, सुरेंद्र यादव, रमेश यादव,तथा सैकड़ों की संख्या में कलश यात्री इस मौके पर उपस्थित थे।

## लाभुक समिति का पुनः गठन करने को लेकर सौंपा आवेदन

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : समाहरणालय में आयोजित जनता दरबार में बालुमाथ प्रखंड के ग्राम पिन्डारकोम , पंचायत बसिया के ग्रामीणों ने आवेदन देकर कल्याण विभाग से स्वीकृत सरना एवं देवस्थान कार्य को लेकर लाभुक समिति का पुनः गठन करने कि मांग की है।ज्ञात हो कि बालुमाथ प्रखंड के ग्राम पिन्डारकोम , पंचायत बसिया में कल्याण विभाग द्वारा ग्राम पिंडरकोम के सरना स्थल की घेराबंदी व सरहुल माण्डर देवस्थान के संरक्षण एवं विकास कार्य कराये जाने आदेश दिया था। जिसमें बिचौलिया दिलानी यादव पिता पिगूल महतो ग्राम पिण्डारकोम निवासी द्वारा द्वारा फर्जी ग्राम सभा करा कर काम लाभूक समिति गठन कर काम करने कि दबाव बनाया जा रहा है। आवेदक का कहना हैं कि लाभूक समिति के अध्यक्ष एवं सचिव को भी पता नहीं है हमलोग लाभूक समिति के सदस्य हैं। दिलमनी यादव के द्वारा कार्य स्थल पर सामग्री गिराये जाने पर ग्रामीणों ने इस विरोध किया और कहा यह हमलोगों का पुजा स्थान है। इसलिये आपको यहां पर किसी भी तरह का काम नहीं करने देगें , साथ ही ग्रामीणों का कहना है भोक्ता समुदाय अनुसूचित जनजाति में है। इसलिये इस पूजा स्थल पर जो भी कार्य हो इसका लाभ भोक्ता आदिवासी को दिया जाये। आवेदन देने वाले में आषिश गंझू , किशु0 गंझू , विजय भुइंया , सुरेश गंझू , विकास गंझू , मंटू गंझू , सिटन गंझू समेत अन्य लोग शामील थे।




## कॉमर्स में अपेक्स कॉमर्स एकेडमी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

### संस्थान के शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने पाई सफलता, निदेशक ने दी बधाई

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**







इंटर कॉमर्स के परीक्षाफल में विष्णुगढ़ के अपेक्स कॉमर्स एकेडमी का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है। संस्थान के शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। परीक्षाफल में पवन कुमार को 423, मौली मोदी को 420, मनजीत कुमार को 416, राधिका कुमारी 405, रचना कुमारी 404, रौशन कुमार 382, आदित्य कुमार 380, वर्षा कुमारी 377, साहिल कुमार 369, अंजु कुमारी 311 को अंक प्राप्त हुए हैं। संस्थान निदेशक विकास स्मिथ ने बताया की वर्ष 2009 से संस्थान का परीक्षाफल परिणाम बेहतर रहा है। संस्थान में आधुनिक यंत्रों के साथ पढ़ाई कराई जाती है। संस्थान में प्रतिवर्ष छात्रों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। संस्थापक ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। इसके अलावा, इंटर कला परीक्षाफल में विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय के 858 में 827 विद्यार्थी सफल रहे हैं। जिसमें प्रथम श्रेणी से 312, द्वितीय श्रेणी में 495 तथा तृतीय श्रेणी में 20 विद्यार्थी सफल हुए। महाविद्यालय स्तर पर 428 अंक के साथ तापेश्वर प्रसाद प्रथम, 423 अंक के साथ निक्की सिंह द्वितीय तथा 402 अंकों के साथ राजेश कुमार तीसरे स्थान पर रहे। वहीं वाणिज्य संकाय में 34 विद्यार्थियों में 32 सफल हुए। जिसमें प्रथम श्रेणी से 21 तथा द्वितीय श्रेणी में 11 विद्यार्थी सफल रहे। वाणिज्य में जिया रानी ने 435, हरिश मंडल ने 425 तथा तथा निरंजन मंडल 368 अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

## हज यात्रा पर जा रहे हज यात्री का रसोईया धमना मोड़ पर स्वागत, अमन चौन की मांगी दुआएं

**अपेम लाइव : बरही**



हज यात्री का स्वागत करते मुस्लिम समाज के लोग

बरही रसोईया धमना मोड पर मंगलवार को हज पर निकले अमरोल निवासी मो खलील का अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति की ओर से फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत करते हुए रवाना किया गया।कर नम आंखों से विदाई किया गया। इस दौरान अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के मीडिया प्रभारी तौकीर रजा ने हज की विशेषता बताते हुए कहा की सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का एक ऐसा तीर्थ स्थल है, जिसे प्रत्येक व्यसक मुसलमान को अपने जीवनकाल में कम से कम से एक बार जाना चाहिए। हज करने वाली यात्री हज पर जाकर अपने जीवन में की गई अनजाने गलतियों की माफी मांगता है और समाज के विकास के सोच के साथ जीवन जीना शुरू करता है। मौके पर मो गणी, मो अख्तर, हाजी अब्दुल सत्तार, मो मोइन, मो ऐनुल, मो हैदर, मो जुनैद, मो तौसीफ, मो इबरार, मो बबलू, रइसा खातून, नूरजहां खातून, तबस्सुम खातून एवं नसीमा खातून मुख्य रूप से मौजूद थे।

## राजसात जप्त हाइवा,टैक्ट्रर, एवं ट्रक की नीलामी संपन्न

### विभाग को 46 लाख,15 हजार राजस्व की होगी प्राप्ति, खरीददार को दस दिनों के अंदर राशि करने होंगें जमा

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : उपायुक्त के निर्देश पर राजसात वाहनों की नीलामी को लेकर खनन विभाग द्वारा निकाली गई निविदा के आधार पर मंगलवार को समहारणालय सभागार में अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में नीलामी संपन्न हुई ।नीलामी में खरीददार बोली लगाकर राजसात वाहनों की खरीददारी की। इस दौरान एक हाइवा, दो ट्रक एवं एक टैक्ट्रर की नीलामी की गयी। नीलामी की राशि संवेदको को दस दिनों के अंदर विभाग में जमा करवाना होगा।नीलामी में उपायुक्त द्वारा गठित समिति के सदस्य समेत अन्य सदस्य मौजूद थे। इन वाहनों की हुई नीलामी (1) वाहन निबंधन संख्या-ओडी14यू-1391- हाईवा-नीलामी की राशि- 20 लाख 70 हजार खरीददार-- नितिश कुमार, जपला, पलामू (2 )वाहन निबंधन संख्या-जेएच 23ए--2610-टैक्ट्रर-नीलामी की राशि-2 लाख,77 हजार खरीददार- पारस कुमार,पाण्डेयपुरा,लातेहार (3) वाहन निबंधन संख्या-जेएस13एफ-610 5-ट्रक-नीलामी की राशि- 14 लाख,8 हजार खरीददार- जफर अली, बालूमाथ, लातेहार (4 ) वाहन निबंधन संख्या-जेएच01बीए-9784 -ट्रक-नीलामी की राशि-8 लाख,60 हजार खरीददार- विशाल जडेजा,चंदवा,लातेहार

